कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अम्बेडकरनगर

सेवा में,

वन्दना ग्रामोद्योग विकास संस्थान
जनपद गोण्डा

पत्रांक–मु0चि0अ0 / त0नि0प्रकोष्ठ / विद्या0जाग0कार्यक्रम / 2018–19 / दिनाँक–20 / 06 / 2018

विषय–स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने हेतु **YELLOW LINE COMPAIGN** चलाये जाने के सम्बन्ध मे।

उपरोक्त विषयक आपकी संस्था द्वारा वर्तमान मे शैक्षणिक संस्थाओ मे शिक्षको छात्र–छात्रओ व आस पास के समुदाय को तम्बाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने व तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु विभिन्न गतिविधियो का आयोजन आपके द्वारा किया जा रहा है के फलस्वरूप आपको महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये लखनऊ के पत्र संख्या–रा0तम्बाकू नियत्रण प्रकोष्ठ / 2018–19 / 1418 दिनांक–23.05.2018 के कम मे निर्देशित किया जाता है कि वर्ष 2017–18 मे जनपद स्तर पर स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित उच्चतर स्तर के विद्यालायो मे **YELLOW LINE COMPAIGN** चलाकर यह सुनिश्चित कराये कि शैक्षणिक संस्थानो के 100 गज के दायरे मे तम्बाकू उत्पादो की बिकी व इस्तेमाल न हो।

इन गतिविधियो मे विद्यालय तम्बाकू नियत्रण समिति, अध्यापकगण, विद्यार्थियो मीडिया एवं जन समुदाय की सहभागिता से सम्पन्न करावे ताकि अधिक से अधिक लोगो मे तम्बाकू एवं तम्बाकू से होने वाले बीमारियो के प्रति जागरूक किया जा सके।

कैम्पेन से संबन्धित तकनीकी जानकारी आपको संलग्न कर प्रषित किया जा रहा है,इस हेतु उ0प्र0वॉलण्ट्री हेल्थ एसोसिएशन से भी (ई0मेल–upvhalko@gmail.com) सम्पर्क कर तकनीकी सहयोग प्राप्त कर सकते है।

अतः उक्त कार्यक्रम की महत्वता को देखते हुए तम्बाकू से होने वाले नुकसान के प्रति लोगो को भी जागरूक कर कार्यक्रम को अच्छादित करे तथा कैम्पेन से जुडे फोटो आदि तथा कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये जिससे उच्च स्तरीय अधिकारियो को समय से आख्या भेजी जा सके।

संलग्नक - एक

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मु0चि0अ0 / तंम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ / 2018–19 / 4054-4 तद्ददिनॉकित–

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. राज्य नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तम्बाकू नियत्रण कार्यक्रम, स्वास्थ्य भवन उ0प्र0 लखनऊ।
2. मुख्य चिकित्साधिकारी, अम्बेडकरनगर।
3. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अम्बेडकरनगर।
4. यू0पी0वी0एच0ए0, लखनऊ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
अम्बेडकरनगर